फा.सं. 12013/8/2018-रा0भा0(का0-1)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय

दिनांक 18.07.2023

<u>परिपत्र</u>

विषय:- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुसंधान अधिकरी(कार्यान्वयन), राजभाषा के लिए चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ के सत्यापन के संबंध में सुचना।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुसंधान अधिकरी(कार्यान्वयन), राजभाषा भर्ती परीक्षा 2021 और साक्षात्कार के परिणामों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-01 में दिनांक 26.07.2023 को निधारित किया गया है|

2. आपको अब राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन.डी.सी.सी-II भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली -01 के कार्यान्वयन-I अनुभाग के कमरा संख्या 29 ए में दिनांक 26.07.2023 सुबह 10 बजे दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होना है|

3. कृपया ध्यान दें कि दस्तावेज़ सत्यापन के समय आप यह पत्र अपने साथ लाएं । इस पत्र के साथ, आपके पास फोटोयुक्त कम से कम दो पहचान पत्र अर्थात ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, आयकर पैन कार्ड, और सरकारी विभागों/संगठनों/विश्वविद्यालय/कॉलेज द्वारा जारी कोई भी अन्य पहचान पत्र होना चाहिए / इसके साथ-साथ उसकी स्व-सत्यापित प्रति भी होनी चाहिए। कॉलेज/विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र चालू सत्र का होना चाहिए। दस्तावेज़ सत्यापन में उपयोग के लिए हाल ही में लिए गए पासपोर्ट-आकार के फोटो भी लेकर आएं|

4. केवल संबंधित अभ्यर्थी को ही भवन में प्रवेश की अनुमति होगी ।

5. आप स्व-सत्यापन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज (मूल रूप में) और उनकी स्व-सत्यापित फोटोकॉपी भी निम्नलिखित क्रम में लाएं :

i. जन्म तिथि के लिए मैट्रिक प्रमाण पत्र और अंकतालिका (प्रमाण पत्र में दी गई जन्मतिथि को ही वैध माना जाएगा)

ii. उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का प्रमाण पत्र और अंकतालिका ।

iii. सक्षम संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकतालिका स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रमाण पत्र (डिग्री) ।

iv. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र (ओबीसी / एससी / एसटी / ईडब्ल्यूएस) । ओबीसी प्रमाण पत्र के साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षों की गैर-क्रीमी लेयर के होने का दस्तावेजी साक्ष्य होना चाहिए।

v. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) की श्रेणी के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र ।

vi. पूर्व सैनिक के रूप में आपके दावे के समर्थन में जारी प्रमाण पत्र जैसे कि डिस्चार्ज सर्टिफिकेट, सर्विस सर्टिफिकेट, आदि।

vii. केंद्र या राज्य सरकार के सिविल कर्मचारी के रूप में आयु में छूट के लिए नोटिस में निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र।

viii. दस्तावेज सत्यापन (डीवी) के लिए उपस्थित होने के दौरान "अभ्यर्थी विवरण फॉर्म" को विधिवत भरा और स्याही से हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

6. दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान ब्लैक बॉल पॉइंट पेन / जेल पेन का उपयोग नहीं करना है।

7. कृपया ध्यान दें कि जिन अभ्यर्थियों के पास इस पत्र के पैरा 3 में उल्लिखित वैध फोटो आईडी और अन्य प्रमाण नहीं होने पर, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

8. दस्तावेज सत्यापन के बाद, आपको सत्यापन स्थिति के बारे में आपकी ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

9. दस्तावेज सत्यापन के लिए यात्रा पर हुए किसी भी खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी ।

10. उक्त जानकारी के लिए आप दूरभाष सं. 011-23438148 एवं राजभाषा विभाग की वेबसाईट www.rajbhasha.nic.in पर देख सकते हैं ।

भवदीय,

(एस.आर. मीना)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 23438148

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
***

अभ्यर्थी विवरण फार्म

नाम	
रोल नम्बर	

(केवल अभ्यर्थी द्वारा भरा जाए)

<table>
<tr><td>1.</td><td>जन्म तिथि (10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र के अनुसार)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">2.</td><td rowspan="2">परिणाम की घोषणा की तिथि (क- 10वीं ख- 12वीं ग-ग्रेजुएट और घ-पोस्ट ग्रेजुएट)</td><td>क)</td><td>ख)</td></tr>
<tr><td>ग)</td><td>घ)</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>4.</td><td>भूतपूर्व सैनिक के कार्यभार मुक्ति की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>वर्तमान में कहीं कार्यरत है या नहीं यदि कार्यरत हैं, तो उसका ब्यौरा दें ।</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2"></td><td colspan="2">अभ्यर्थी के हस्ताक्षर</td></tr>
</table>

(केवल कार्यालय हेतु)

<table>
<tr><td>7.</td><td>स्थिति</td><td>ठीक है/ रोका गया/ अनंतिम/स्वीकृत</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>टिप्पणी, यदि कोई हो</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2"></td><td>दस्तावेज जांचकर्ता के हस्ताक्षर</td></tr>
</table>

Department of Official Language

Ministry of Home Affairs

***

Candidates Details Form

Name	
Roll no.	

(To be filled by the Candidate only)

1.	Date of Birth (as per 10th Class Certificate)		
2.	Date of declaration of result(a-10th, b-12th c-Graduate and d-Post Graduate)	a)	b)
		c)	d)
3.	Date of Issue of EWS/OBC/SC/ST Certificate		
4.	Date of Discharge of Ex.Serviceman		
5.	Date of Issue of Disability Certificate		
6.	Present Employment status. Working / not working. If Employed give details.		
		Signature of Candidate	

(FOR OFFICIAL USE)

6.	Status	Ok/WithHeld/Provisional/Rejected
7.	Remark, if any	
		Signature of Document Checker